हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 11 दिसंबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 एसआईआर सर्वे कार्य को लेकर आयोजित...



07 सपने कभी एक दिन में पूरे नहीं होते उनके लिए निरंतर...



## खबर संक्षेप

### लोक अदालत 13 को

**विदिशा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम के मार्गदर्शन में 13 दिसम्बर को जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा के सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल लोक अदालत हेतु कुल 34 खंडपीठों का गठन किया गया है। इनमें 14277 प्री-लिटिगेशन प्रकरण तथा 1043 न्यायालयों में लंबित प्रकरण सुनवाई एवं निराकरण हेतु रखे जाएंगे।

### पैक्स समितियों में पाया गया अमानक उर्वरक

**विदिशा।** जिले के उर्वरक निरीक्षकों द्वारा लिये गये उर्वरकों के नमूनो परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे गये। प्रयोगशाला से प्राप्त परीक्षण परिणामों के आधार पर निम्नानुसार उर्वरक विक्रेताओं पर अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के तहत विक्रय प्रतिबंधित करने की कार्यवाही की गई। अमानक पाये गये नमूनों के विक्रेताओं की जानकारी निम्नानुसार है। पैक्स झूकरजोगी, पैक्स निशोबर्री, पैक्स लटेरी, पैक्स महोटी, पैक्स कोलुआ पठार में बांके बिहारी कृषि सेवा केन्द्र लटेरी शामिल हैं।

### सीएमएचओ कार्यालय के निरीक्षण में कलेक्टर अंशुल गुप्ता को मिली तमाम खामियां

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार की दोपहर में करीब दो बजे सीएमएचओ कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय व्यवस्था, भंडारण, सामग्री वितरण, रिकॉर्ड प्रबंधन तथा उपस्थिति प्रणाली सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महामारी नियंत्रण कक्ष अलमारियों में रखी नस्तियों को व्यवस्थित ढंग से रखा जाए। सभी नस्तियों की सूची तैयार कर अलमारी के ऊपर चस्पा की जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर दस्तावेज आसानी से खोजे जा सकें। कार्यालय में बड़ी मात्रा में आयुष्मान कार्ड पाए जाने पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इन कार्डों को तत्काल संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को वितरित किया जाए। कार्यालय परिसर के पीछे तीन पुराने वाहन (टाटा सुमो, बोलेरो एवं वेन) अनुपयोगी अवस्था में खड़े मिले। कलेक्टर ने नीलामी के निर्देश दिए। ई-औषधि भंडार गृह में वाटर कूलर, गीजर ऑफिस चेयर, थ्री-सीटर चेयर, बेड साइड स्टूल को स्टोर प्रभारी करीम उद्दीन द्वारा वितरित नहीं करने पर स्टोर प्रभारी पद से हटाने के निर्देश दिए।

### मासूम बच्चों को पकड़कर अनैतिक कार्यों में लगाने का संदेह, मानव तस्करी का मामला

# रेलवे स्टेशन से अगवा हुई 2 वर्षीय मासूम को पुलिस ने 48 घंटे में कर लिया बरामद

**मानव तस्करी से जुड़े इस अपराध को अंजाम देने वालों से चार अन्य बच्चे भी बरामद किये गये हैं**

***पुलिस अगवा हुई मासूम बालिका को खोजने के लिए अनुभवी पुलिस अधिकारियों को मिलाकर 8 अलग-अलग टीमों का गठन किया। एसपी रोहित काशवानी ने खुद लगातार मानिटरिंग करते रहे। इस तरह रविवार को अगवा हुई बालिका को घटना के तीसरे दिन ही बरामद कर लिया।***

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रेलवे स्टेशन विदिशा से रविवार की दोपहर के समय करीब ढाई बजे अगवा की गई 2 वर्षीय मासूम बालिका को अगवा करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफास। गिरोह से चार अन्य बच्चे भी बरामद किये गये हैं। पुलिस ने बालिका को शमशाबाद के पास से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि पकड़े गये चार आरोपियों में बैरसिया के डेकपुर गांव निवासी अर्जुन सिंह पाल (45) और उसकी पत्नि हरिबाई सहित 21 वर्षीय बेटा रवि पाल हैं। इनके साथ ही रुसल्ली शमशाबाद निवासी जितेंद्र पाल (30) को गिरफ्तार कर लिया है। मासूम बालिका सलामतपुर निवासी परिवार की है और उसे उसके दादा दादी लेकर स्टेशन पहुंचे थे। जहां से उसे अगवा कर लिया गया था। स्टेशन पर जब अचानक बच्ची गायब हुई तो उसके बुजुर्ग दादा दादी उसे ढूंढते रहे। काफी देर तक नहीं मिली और मुसाफिरों ने उन्हे परेशान देखा तो पुलिस को खबर की गई। इसके बाद पुलिस हरकत में आई एसपी रोहित काशवानी मामले की गंभीरता से लेते हुए तत्काल स्पेशल जांच दल गठित किया। जिसमें एएसपी प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह सहित जिलेभर के एसडीओपी और थाना प्रभारियों की अलग-अलग 8 टीमों को गठन किया।

पुलिस के मुताबिक बालिका की मिसिंग का प्रकरण कोतवाली में दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में अपहरण और मानव तस्करी के अपराध के तहत विभिन्न धाराओं का इजाफा किया है। पुलिस ने इस मामले में ढोलखेड़ी चौराहे, महानीम चौराहा, शमशाबाद से लेकर बैरसिया तक के सीसीटीवी कैमरे खंगाले और आमजन से पूछताछ करने पर पुलिस को यह सफलता हाथ लग सकी। पुलिस ने इस मामले में कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज कर बीएनएस की धारा 143 (4), 127 (6), 61, 55 सहित 98 के तहत प्रकरण में इजाफा किया है। इस मामले में एसपी ने दिनरात तलाश में लगे रहे पुलिस अधिकारियों सहित जवानों की सराहना करते हुए शाबासी दी है और आमजन से अपील की है कि वे अपने बच्चों को सतर्क बनाएं।

**क्लू: सीसीटीव कैमरे में मासूम ले जाते हुए नजर आए थे महिला व पुरुष**




**विदिशा।** पुलिस कंट्रोल रूम में जानकारी देते हुए पुलिस अधिक्षक रोहित काशवानी सहित अन्य अधिकारीगण।

### 135 लोगों से पूछताछ और 235 कैमरे खंगाले

मासूम बालिका के स्टेशन से अचानक गायब होने के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया और तत्काल सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरु किये तो चौकाने वाले तार जुड़ते चले गये। पुलिस को पहले तो लगा था कि बच्चे गुम हो गई होगी। लेकिन फुटेज में उस बच्ची को ले जाते हुए नजर आए तो पुलिस अलर्ट होकर पड़ताल में जुट गई। कैमरे खंगालने पर देखने में आया कि एक महिला और एक पुरुष मिलकर मासूम को शहर से लेकर जा रहे हैं। विदिशा से बस में बैठाकर ले गये। पुलिस ने तमाम लोगों से पूछताछ की तो शमशाबाद के पास अगवा बालिका को बरामद कर लिया गया है।

### एसपी ने की अपील

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में स्पष्ट रूप से समझाएँ। ताकि बच्चे खुद को सुरक्षित रख सकें। एसपी श्री काशवानी ने कहा कि यदि कोई अनजान व्यक्ति बच्चे को पकड़ने या उठाने का प्रयास करे तो बच्चे को बिना डरे जोर-जोर से चीखना चाहिए और आसपास के लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करना चाहिए। एसपी ने अभिभावकों से बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने और उन्हें आत्मरक्षा के बुनियादी उपाय सिखाने की भी अपील की। साथ ही माता पिता का दायित्व है कि वे अपने बच्चों पर हर जगह ध्यान रखें। उन्हे अच्छे बुरे की पहचान करना सिखाएं। साथ ही उन्हे बच्चों को इतना आत्मविश्वास पैदा करें कि वे बेड टच करे तो वे तत्काल आपको बताएं, झिझके और डरें न।

### विकासखंड व जिलास्तर पर कृषकों को दिए पुरस्कार, 20 तक कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले के प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर 5 उन्नत कृषक तथा जिलास्तर पर 1 उन्नत कृषक को पुरुस्कार दिया जाएगा। विकासखंड स्तर पर 10 हजार रुपये एवं जिलास्तर पर 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाना है। संचालक आत्मा, किसान कल्याण तथा कृषि विभाग द्वारा उन्नतशील कृषकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम दिनांक 20 दिसम्बर है। वैज्ञानिक पद्धति/उन्नत तकनीकी से कृषि एवं संबंधित कार्य करने हेतु प्रत्येक विकासखण्ड में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य, रेशम गतिविधियों/सेक्टर अंतर्गत एक-एक विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषकों पांच पुरस्कार प्रत्येक विकासखण्ड में दिये जाएंगे। जिला स्तर पर कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, कृषि अभियांत्रिकी अंतर्गत दो-दो कृषकों को एवं मत्स्य व रेशम पालन से एक-एक कृषक को जिला स्तरीय सर्वोत्तम कुल 10 कृषक पुरस्कार दिये जायेंगे। किसान अधिक जानकारी के लिए विकासखंड स्तर पर अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा सिविल लाइन पुलिस थाने के पास विदिशा के जिला उपसंचालक कृषि कार्यालय से भी जानकारी हासिल कर सकते हैं। डीडीए केएस खपेड़िया ने उन्नत और नवाचार करने वाले किसानों से आवेदन करने की अपील की हैक।

## पुलिस पंचायत में विवादों से निजात छलका दर्द, वृद्धों को मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बुधवार को हुई पुलिस पंचायत में वृद्ध दंपत्तियों के साथ प्रताड़ना के मामले पहुंचे। एएसपी प्रशांत चौबे सहित सदस्यों ने ध्यान से सुना और समाधान निकालाद्ध

एक मामला आया कि एक वरिष्ठ महिला ने शिकायत की कि उनकी पट्टे की जमीन पर तोड़फोड़ कर कब्जा कर लिया गया है और बेटा भी कब्जाधारियों का साथ दे रहा है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद समाधान निकला। आवेदिका ने राशि लेने पर सहमति दी और दो दिनों में भुगतान तय हुआ। दूसरे मामले में बेटे की अनावश्यक मांगों से तंग बुजुर्ग दंपत्ति पहुंचे। उनका बेटा बार-बार रुपये, वाहन की मांग करता है। बेटे को समझाया कि माता-पिता की सेवा करना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। समझाइश के बाद बेटे ने किसी भी प्रकार की मांग न करने पर सहमति दी और मां-पिता के चरण स्पर्श किये। इसी प्रकार बेटी-दामाद व नाती से उत्पीड़न से तंग अत्यधिक वृद्ध दम्पत्ति पहुंचे। बुजुर्ग ने बताया बेटी, दामाद और नाती द्वारा झगड़ा-मारपीट करते हैं। सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया गया। समझाइश से भविष्य में विवाद न करने तथा बुजुर्गों को परेशानी में तुरंत मदद देने पर सहमति दी।



**विदिशा।** वृद्ध दंपतियों की पीड़ा सुन समझ कर समाधान करते हुए एएसपी चौबे

### स्कूलों में बदइंतजामियां बाल कांग्रेस का प्रदर्शन

**विदिशा।** विधानसभा क्षेत्र विदिशा के शासकीय स्कूलों में तमाम बदइंतजामियों का आरोप लगाते हुए बाल कांग्रेस ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

बाल कांग्रेस अध्यक्ष मयंक शर्मा के नेतृत्व में विदिशा विधानसभा के लगभग 110 शासकीय स्कूलों में सही ढंग पढ़ाई न होने पानी, टॉयलेट, अवैध कब्जे, गंदगी, नशा करने जैसे दारू पीना जुआ खेलने, सही भोजन नहीं मिलना, बिल्डिंग क्षतिग्रस्त होने एवं अन्य आपत्तिजनक कार्य होने के विषय में ज्ञापन कलेक्टर महोदय को सौंपा। जिसमें दिवाकर किरार, अनिकेत गुर्जर, आयुष अग्रवाल, तनिष्क चौकसे, अंश शर्मा, अनंत जैन, विशाल रैकवार, आयुष भार्गव, अनुज दांगी, सैयद असद, प्रिंस यशराज जादौन, ओम चौकसे, क्रिश राठौर, गोपाल चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## बंटीनगर से मिर्जापुर तक बनेगा बीटी रोड

### विधायक टंडन ने कहा कार्य नहीं करने वाले ठेकदार होंगे ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत बंटीनगर चौराहे से मिर्जापुर तक वीटी रोड़ चौड़ीकरण एवं सेंट्रल लाईटिंग कार्य का भूमिपूजन हुआ।

बंटीनगर चौराहे से मिर्जापुर तक 6 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का भूमिपूजन विधायक मुकेश टंडन एवं नपा अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री टंडन ने कहा कि इस सड़क के साथ विदिशा शहर में और तीव्र गति से निर्माण कार्य चालू होंगे। कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट कर कार्यवाही की जाएगी। नपा अध्यक्ष प्रीतिराकेश शर्मा ने कहा कि बंटीनगर चौराहे से मिर्जापुर तक एक सुन्दर सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर जपं अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी, बाबूलाल ताम्रकार, रामनारायण विश्वकर्मा, राधेश्याम महेश्वरी, तेजेंद्र सिंह बन्नू, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, दिनेश कुशवाह, प्रशांत खत्री, केके गुप्ता, शैलेंद्र सिंह बिट्टू भदोरिया, पार्षद आयुषी अग्रवाल, चंद्रपाल सिंह दांगी, राजू दांगी, महामंत्री अनिल सोनकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं वार्ड रहवासी उपस्थित रहे।



**विदिशा।** सड़क निर्माण शुभारंभ करने भूमिपूजन करते हुए जनप्रतिनिधिगण।

### बीज भंडार, प्रोसेट यूनिट के आवेदन 29 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

किसानों के लिये बीज प्रसंस्करण एवं बीज भंडारण इकाई की ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापना कृषि विभाग किसानों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

आवेदन शर्तें एवं नियम वेबसाइट mpkrishi.mp.gov.in पर हैं। आवेदन अंतिम दिनांक 29 दिसम्बर 25 निर्धारित है। आवेदन दस्तावेजों के साथ उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला विदिशा में जमा कर सकते हैं। इस हेतु राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर न्यूनतम 1 टीपीएच क्षमता के एक बीज प्रसंस्करण संयंत्र के साथ 500 मीट्रिक टन क्षमता के एक बीज भंडार गोदाम की स्थापना के लिये लागत के 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम राशि 40 लाख रूपये, जो भी कम हो की केन्द्रीय सहायता का प्रावधान है।

## तीन चोरियों का खुलासा, 22 लाख के जेवर बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बायपास सांई ओरा, आज्ञाराम कॉलोनी सहित रायल सिटी में हुई चोरी की 3 वारदातों का खुलासा करते हुए पुलिस ने 22 लाख रुपये कीमती ज्वेलरी बरामद कर ली है। सिविल लाइन टीआई आरके मिश्रा के मुताबिक गुलगांव निवासी चोर ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश मोंगिया और खरीददार तिलक चौक निवासी नारायण पिता मिश्रीलाल सोनी से 15 तौला सोना और 4 किलो चांदी जब्त की है। पुलिस टीम ने लगभग 180 सीसीटीवी फुटेज, फिंगरप्रिंट, तकनीकी विश्लेषण एवं 130 से अधिक लोगों से पूछताछ के आधार पर आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की। फिंगरप्रिंट नेफीस, सोशल मीडिया इनपुट, मुखबिर सूचना और मैदानी पड़ताल की मदद से पुलिस आरोपियों को दबोच सकी। 23 सितंबर को फल व्यापारी मनोज खटीक के सांई ओरा स्थित घर से चोरी हुई थी। इसके 18 अक्टूबर को आज्ञाराम कालोनी निवासी अंजू शर्मा के सूने घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। इससे पहले रॉयल सिटी में रहने वाले मालवीय परिवार के सूने घर में 22 मई को चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। चोर ने मकान सूने होने का फायदा उठाकर सोने के मंगलसूत्र, चैन एवं अन्य आभूषण पर हाथ साफ करता था। पुलिस ने आरोपी से जो माल बरामद किया है वह सोने की गली हुई भट्टी एवं 1 सोने का हार बरामद किया है। जिसमें पायल, बिछड़े, कंगन, चांदी के कड़े, चाबी गुच्छा, चांदी की चैन, चांदी के सिक्के आदि आभूषण मिले हैं। टीआई के मुताबिक चोर वारदात के बाद दूर भाग जाता था इसलिए पकड़ने में मुश्किल आई।

### दुष्कर्म आरोपी को कुछ घंटों में गिरफ्तार किया

**विदिशा।** उनारसीकलां पुलिस थाने में 9 दिसंबर को एक महिला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 28 नवम्बर की अलसुबह शौचालय पर गई थी, तभी आरोपी गौरव कुर्मी पहुंचकर ज्यादती की। पुलिस टीम सक्रिय हुई और कुछ ही घंटों में आरोपीगौरव कुर्मी ग्राम शेरगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।




### मात्र 10 घंटे में नाबालिग को खोज निकाला

**हैदरगढ़।** हैदरगढ़ पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग 10 घंटे में खोज निकाला और एक आरोपी को पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार किया। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में गुमशुदा एक नाबालिग बालिका को खोजकर सकुशल परिवार को सौंप दिया गया है। पुलिस के अनुसार 9 दिसंबर की शाम को बालिका जब परिजनों को नहीं मिली तो वे पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बहला फुसलाकर बालिका को ले जाने वाले आरोपी घाटाखेड़ी चांचौड़ा के अभिषेक केवट को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### हिंडोला तोरण और मालादेवी मंदिर का शिल्प देखते ही बनता है


# ऐतिहासिक धरोहरों की अनदेखी मालादेवी मार्ग जर्जर पर्यटक चोटिल नववर्ष पर बढ़ेंगी मुश्किलें, जिम्मेदार मौन

सीताराम कुशवाह ⏭ ग्यारसपुर

अपनी अद्भुत विरासत, प्राचीन स्थापत्य के लिए प्रसिद्ध ग्यारसपुर आज एक गंभीर उपेक्षा का दंश झेल रहा है। 9वीं 10वीं शताब्दी की भव्य शिल्पकला का अनमोल खजाना मालादेवी मंदिर और हिंडोला तोरण दोनों ही देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र हैं। किंतु विगत दो वर्षों से यहां पहुंचने वाली लगभग 1 कि.मी. सड़क बुरी तरह जर्जर पड़ी है।

**शिला में तराशी कृतियाँ**

पहाड़ी चट्टान को काटकर निर्मित यह दिव्य मंदिर ग्यारसपुर की पहचान और गर्व है। गर्भगृह के चारों ओर परिक्रमा पथ, मुख्य द्वार पर गंगा-यमुना की अलंकारित प्रतिमाएँ, स्तंभों पर अद्भुत नक्काशी इन सबको देखकर आज भी पर्यटक मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। हिंडोला तोरण अपनी अनूठी स्थापत्य शैली और भगवान विष्णु के दशावतार के स्पष्ट शिल्पांकन के लिए जाना जाता है। इतिहास और कला-वास्तु प्रेमियों के लिए यह स्थल विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र है। नववर्ष पर हर साल यहां पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं।



**सड़क बनाने वाले मौन**

एक वर्ष पूर्व ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन भी किया था। कई बार लिखित-मौखिक शिकायत के बाद भी पीडब्ल्यूडी विभाग ने अब तक सड़क सुधार कार्य प्रारंभ नहीं किया है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में जब पीडब्ल्यूडी के अधिकारी रवि प्रकाश चिडार से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। लोगों का कहना है कि यह केवल एक सड़क नहीं, बल्कि ग्यारसपुर की प्राचीन पहचान तक पहुँचने का मार्ग है।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-5301
सरसों
न्यूनतम भाव-5900
उच्चतम भाव-7910
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव- 5631
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7360
ज्वार
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-5400
मक्का
न्यूनतम भाव-1150
उच्चतम भाव- 1735
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-3067
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-3560
गेंहू
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3262
उड़द
न्यूनतम भाव-4080
उच्चतम भाव-6270
बटरी
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-2800
तुअर
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-5200

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 35050 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### अघोषित बिजली कटौती को लेकर दिया ज्ञापन



**गंजबासौदा।** बुधवार को बरेठ के ग्रामीणों ने अघोषित बिजली कटौती से परेशान होकर विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग की गई। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत कंपनी बिना किसी पूर्व सूचना के प्रतिदिन चार से पांच घंटे बिजली कटौती कर रही है। यह समस्या पिछले चार से पांच महीनों से बनी हुई है। कटौती का समय निर्धारित नहीं है, कभी तीन-चार घंटे तो कभी लगातार पांच-छह घंटे बिजली गुल रहती है। बिजली कटौती के कारण गांव में नल-जल योजना से नियमित जलापूर्ति बाधित हो रही है, जिससे गांव में जल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों को पानी के लिए हैंडपंप और कुओं पर निर्भर रहना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के बाद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने विद्युत कंपनी के अधिकारियों को दिए आवेदन में चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि शीघ्र बिजली कटौती की समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो वह उग्र प्रदर्शन करेंगे।

# अमृत 2.0 के अंतर्गत पाइप लाइन का कार्य पुनः शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



पेयजल की समस्या के समाधान हेतु नगरपालिका परिषद द्वारा अमृत योजना 2,0 के अंतर्गत पाइप लाइन डालने के काम का शुभारंभ वार्ड नं 14 पंचपीर से किया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि जिन बस्तियों में पेयजल की समस्या है, उन बस्तियों में पेयजल की समस्या के समाधान के लिए विधायक हरिसिंह रघुवंशी , नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नई पाइप लाइन और पानी की टंकियों का निर्माण हो, इसके लिए विशेष प्रयास किये थे। जिससे कि पेयजल की समस्या का समाधान हो सके। वार्ड नंबर 14 में भी कई जगह पानी की समस्या थी। जिसके समाधान के लिए पंचपीर पर पाइप लाइन डालने का काम शुरू हो गया है। यह कार्य नगर में जहां, जहां पानी की समस्या है, उन सभी वार्डो में किया जायेगा। पाइप लाइन के काम की शुरुआत होने पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव का वार्ड पार्षद सन्तोषी जितेंद्र मैना, पूर्व पार्षद मनोज यादव, सुनील बिलगैंया, बबलू शर्मा, सुरेश मीणा, राजेश रघुवंशी, केशु महाराज, संतोष साहू, कमल सिंह गुर्जर, राजेश कुशवाह, हरगोविंद अहिरवार, सुशील रघुवंशी, संजय रघुवंशी सहित सभी वार्डवासियों ने आभार व्यक्त किया है।

### ECI द्वारा वीडियो कांफ्रेन्स में दिए गए निर्देशों पर बैठक में किया गया गहन विचार विमर्श

# एसआईआर सर्वे कार्य को लेकर आयोजित बैठक में दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





बुधवार को तहसील के पटवारी सभागृह में एसआईआर सर्वे कार्य के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बासौदा विधानसभा क्षेत्र के समस्त मास्टर ट्रेनर, बीएलओ सुपरवाइजर और बीएलओ शामिल हुए। बैठक तीन चरणों में संपन्न हुई। सर्वप्रथम, भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्य को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित एसडीएम संतोष बिटोलिया ने सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में किए जा रहे कार्य के दौरान प्रत्येक मतदाता से भरवाए गए गणना पत्रकों की बारीकी से जांच करें, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि गणना पत्रक भरे जाने के बाद उन्हें ऑनलाइन भी भरना अनिवार्य है। एसडीएम ने बताया कि बीएलओ ऐप के नए संस्करण पर प्रत्येक मतदाता की गणना पत्रक के अनुसार जानकारी क्रमशः भरनी है। उन्होंने सभी बीएलओ को इस ऑनलाइन कार्य को बड़ी सावधानी और सटीकता से करने का निर्देश दिया, ताकि संपूर्ण जानकारी ऑनलाइन भी सही ढंग से दर्ज की जा सके। इस दौरान तहसीलदार अरविंद यादव सहित मास्टर ट्रेनरों ने गणना पत्रक के साथ-साथ ऑनलाइन गणना पत्रक की जानकारी कैसे भरी जानी है, इसके बारे में सभी बीएलओ को विस्तार से बताया। बैठक में विधानसभा क्षेत्र के समस्त बीएलओ और मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

# कॉलेज चलो अभियान के तहत प्रवेश लेने विद्यार्थियों को किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासन के निर्देशानुसार एवं शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत 12वी पास विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरेठ, वात्सल्य पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एवं छात्र, छात्राओं से संपर्क किया गया। स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर इस प्रक्रिया हेतु कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया संबंधित तथा महाविद्यालय में संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं कला संकाय, बीएससी बायो गणित संकाय,कंप्यूटर साइंस संकाय की जानकारी प्रवेश प्रभारी अभिषेक सिंह,डॉ सुनील पाटीदार द्वारा दी गई।

# शौर्य दिवस पखवाड़ा के तहत निकली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में जिला कार्यालय अशोक भवन से वाहन रैली निकाली गई। जो रघुवर गार्डन महाराणा प्रताप चौक के रास्ते भावसार पुलिया होती हुई बरेठ रोड, जय स्तंभ चौक होती हुई रेलवे स्टेशन से मिल रोड होकर त्योंदा रोड से जय स्तंभ के रास्ते मुख्य मार्ग से होकर सिरोंज चौराहा पहुंची। जहां रैली का समापन हुआ। तत्पश्चात विहिप के विभाग संगठन मंत्री मुकेश माहेश्वरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या में कारसेवकों ने कलंक का ढांचा ढहाया था और भव्य राम मंदिर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया था। तभी से हिन्दू समाज गीता जयंती पखवाड़े में शौर्य दिवस मनाता है। आज उसी स्थान पर भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है। वाहन रैली में बड़ी संख्या विहिप बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मशक्कत के बाद दमकल ने आग पर पाया काबू

**गंजबासौदा।** बुधवार को दोपहर के समय बरेठ रोड स्थित एसजीएस कॉलेज के सामने नरेश कुमार जैन के एक तीन मंजिला इमारत की तीसरी मंजिल पर अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जिसकी सूचना मिलने पर नगर पालिका की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। आग लगने के बाद कमरे से धुआं निकलता देख स्थानीय नागरिकों और मकान मालिक ने तुरंत नगर पालिका और पुलिस प्रशासन को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर भी आग बुझाने का प्रयास किया। मकान के पहले तल पर प्लाईवुड की दुकान और अन्य किराए की दुकानें संचालित होती हैं। दूसरी मंजिल पर नरेश कुमार जैन का परिवार रहता है, जबकि तीसरी मंजिल, जहां आग लगी, उसे स्टोर रूम के तौर पर इस्तेमाल किया जाता था। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का कार्य शुरू किया। आग पर काबू पाने के बाद पुलिस प्रशासन के उप निरीक्षक राधेश्याम यादव सहित डायल 112 की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। घटना में नुकसान नहीं हुआ, लेकिन यदि आग फैल जाती तो पहली और दूसरी मंजिल पर स्थित दुकानों और आवासीय हिस्से को काफी क्षति पहुंच सकती थी। नगर पालिका और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बड़े नुकसान को टाला जा सका।



# शासकीय कॉलेज की बाउंड्रीवाल मरम्मत को लेकर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। छात्र बाउंड्रीवॉल की मरम्मत न होने से नाराज थे। छात्रों का आरोप है कि पिछले महीने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नगर आगमन के दौरान कॉलेज ग्राउंड में आमसभा के आयोजन के लिए बाउंड्री वॉल का एक हिस्सा तोड़ दिया गया था, लेकिन उसके बाद से इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। बाउंड्रीवॉल की मरम्मत के लिए महाविद्यालय प्रबंधन को कई बार आवेदन दिए गए और शिकायतें भी की गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाउंड्री वॉल टूटी होने के कारण असामाजिक तत्व बिना किसी रोक-टोक के महाविद्यालय परिसर में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि नगर में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों के बीच कॉलेज में ऐसे तत्वों की एंट्री छात्रों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। अपनी मांगों पर ध्यान न दिए जाने के बाद छात्रों ने कॉलेज के बाहर तालाबंदी कर नारेबाजी की और अपना विरोध दर्ज कराया। ज्ञात हो कि महाविद्यालय परिसर में अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण कर रखा है। जिसके चलते बाउण्ड्रीवाल को जगह जगह से क्षतिग्रस्त कर आने जाने में उपयोग करते हैं।

# उद्योगों के विस्तार के लिए कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




नगर में उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए एमएसएमई विभाग द्वारा RAMP कार्यशाला का आयोजन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की मध्य प्रदेश की नोडल एजेंसी लघु उद्योग निगम द्वारा बुधवार को दोपहर 3 बजे एलबीएस कालेज में लघु उद्योग भारती के सहयोग से उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र की महाप्रबंधक अशोक श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगों की कार्यप्रणाली में सुधार एवं विस्तार के लिए RAMP नाम से कार्यशाला का आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में RAMP, ZED सर्टिफिकेशन और ई कॉमर्स जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की गई। इस आयोजन में लघु उद्योग भारती के प्रदीप मित्तल ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए लघु उद्योग भारती के कार्य का विवरण दिया व लघु उद्योग भारती द्वारा प्रदेश व देश में किए जा रहे हैं। कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि ये राष्ट्र का सबसे बड़ा अखिल राष्ट्रीय संगठन है जो लघु और मध्यम उद्योगों के लिए कार्य करता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हरिसिंह रघुवंशी उपस्थित थे। एसडीएम संतोष बिटोलिया, लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष डीडी सेठिया, प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम कौशिक, जयस शाह संयोजक एवं एलबीएस कॉलेज प्राचार्य डॉ. इंद्रा दुबे कार्यक्रम में उपस्थित थीं। जेड पॉलिसी ट्रेनर राजीव दलेला, RAMP ट्रेनर रविश कुमार एवं वॉलमार्ट ट्रेनर शमशीर मिस्त्री ने विस्तृत जानकारी दी। उक्त कार्यशाला में बताया गया कि विकसित भारत में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका है एवं इस भूमिका को पूरा करने के लिए उद्योगों को अपना विस्तार एवं उसकी कार्य प्रणाली में सुधार करने की आवश्यकता है। जिससे कि वह अपनी कार्य क्षमता एवं उत्पाद की गुणवत्ता को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मापदंड पर पहुंचा सकते हैं। लघु उद्योग भारती जो कि एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है। उसके सहयोग से यह कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें अधिक से अधिक उद्यमियों की सहभागिता रही। कार्यशाला में उद्योग विभाग से माधव सुहाने, प्रतीक जैन, मोहित सोमानी, जिगर शाह, लिनेश टांक ,सपन समैया, पीयूष जैन, मनोज तामेश्वरी आदि उपस्थित थे।

### विधिक साक्षरता शिविरों का हुआ आयोजन, दी जानकारियां

# रतनबाई स्कूल, सुभद्रा शर्मा कॉलेज में शिविर संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मानव अधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार को दो स्थानों पर विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य बच्चों और छात्राओं को उनके अधिकारों और विभिन्न कानूनों के बारे में जागरूक करना था। पहला शिविर रतनबाई जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। इसमें न्यायाधीश आफरीन यूसुफ जई अंसारी उपस्थित थीं। न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बालश्रम एवं कानूनी अपराध है। उन्होंने बच्चों को सलाह दी कि यदि वे किसी को बालश्रम करते देखें तो उसकी जानकारी दें और कानूनी मदद लेकर अपनी शिक्षा पूरी करें।

इस शिविर में मानव अधिकार, बालश्रम निषेध अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, संविधान के मूलभूत अधिकार एवं कर्तव्य, निःशुल्क विधिक सहायता और नालसा हेल्पलाइन 15100 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्राचार्य बृजेश रिछारिया, करन चौरसिया, सुनील कुमार जैन, मयंक टांक मौजूद रहे। दूसरा शिविर शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें न्यायाधीश सृष्टि कुशवाहा ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने बाल विवाह, दहेज प्रथा और साइबर अपराध के बारे में विस्तार से जानकारी दी। न्यायाधीश कुशवाहा ने छात्राओं को सोशल मीडिया साइट्स का उपयोग सावधानी पूर्वक करने की सलाह दी और किसी भी परेशानी की स्थिति में कानूनी सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। शिविरों में यह भी बताया गया कि यदि बच्चों और महिलाओं के साथ कोई अपमानजनक व्यवहार होता है, तो उसे शर्म या संकोच में आकर छिपाना नहीं चाहिए। ऐसा करने से आपराधिक प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिलता है। इसके बजाय, ऐसी आपराधिक प्रवृत्तियों से डरने या सहमने के बजाय निडरता पूर्वक उनका प्रतिकार कर सम्मान पूर्वक जीवन जीना चाहिए। एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा और प्राचार्य अनामिका प्रजापति ने भी शिविर को संबोधित किया। इस अवसर पर विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं विद्यार्थीगण मौजूद थे।

# ककरावदा में धर्म ध्वज की हुई स्थापना, हिन्दू सम्मेलन 18 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सनातन एकता, आस्था, भाईचारे और धर्म जागरण के संदेश को लेकर क्षेत्र में हिंदू सम्मेलन की आयोजन की श्रृंखला की शुरुआत हो चुकी है। उदयपुर मंडल में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियों की शुरुआत के बाद बुधवार को ग्राम ककरावदा मंडल में आयोजित होने वाले आगामी हिंदू सम्मेलन के लिए संतों की मौजूदगी में अयोध्या से पधारे संतों की मौजूदगी में धर्म ध्वज स्थापना और कलश पूजन के साथ स्थल का भूमि पूजन संपन्न हुआ। ककरावदा में 18 जनवरी को भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन संपन्न होगा।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में 14 दिसंबर से 31 जनवरी तक गमाकर खंड के 15 मंडलों में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। पहले हिंदू सम्मेलन का शंखनाद 14 दिसंबर को भगवान महादेव की नगरी उदयपुर के नीलकंठेश्वर मंदिर से होगा। गमाकर खंड के ग्राम ककरावदा में आगामी 18 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियां भूमिपूजन के साथ पूरे उत्साह और आस्था के साथ प्रारंभ हो चुकी हैं। बुधवार को ग्राम में सम्मेलन के लिए स्थल भूमि पूजन के साथ ध्वज स्थापना एवं कलश पूजन का आयोजन विधि-विधान से संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संत-महात्माओं की पावन उपस्थिति में यह आयोजन सनातन एकता और धर्म जागरण का संदेश लेकर आया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, महिला मंडल, युवा कार्यकर्ता एवं सनातन प्रेमी भाई-बहनें मौजूद रहे। पूरे ग्राम में जय श्रीराम, हर-हर महादेव के उद्‌घोष गूंजते रहे। वातावरण में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में जिला प्रचारक, खंड कार्यवाह सहित धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामवासियों से आह्वान किया कि आने वाला हिंदू सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि संस्कृति, एकता और स्वाभिमान का महायज्ञ है, जिसमें प्रत्येक हिंदू का सहभाग अनिवार्य है। गमाकर खंड में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन की तैयारियों के अंतर्गत अब तक उदयपुर, हथोड़ा, और गमाकर ग्रामों में भी ध्वज स्थापना एवं कलश पूजन संपन्न हो चुके हैं। ग्राम उदयपुर का हिंदू सम्मेलन 14 दिसंबर दिन रविवार को आयोजित किया गया है। जिसको रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगदगुरु डॉ. राम कमलाचार्य धर्मसभा को संबोधित करेंगे।

### खबर संक्षेप

## बजरंग दल ने नगर में निकली शौर्य यात्रा, हुई त्रिशूल दीक्षा

**शमशाबाद।** विश्व हिंदू परिषद के बजरंग दल आयाम द्वारा प्रखंड सूर्यनगर में शौर्य दिवस के अवसर पर त्रिशूल दीक्षा एवं शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। शौर्य दिवस समारोह में विदिशा विभाग संगठन मंत्री मुकेश महेश्वरी, जिला अध्यक्ष गोविंद, जिला कोषाध्यक्ष हिम्मत सिंह, जिला मंत्री राजकुमार मीणा, जिला सह मंत्री दीपक यादव तथा जिला सह संयोजक कुलदीप सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रखंड स्तर से प्रखंड अध्यक्ष लोकेश साहू, प्रखंड मंत्री कुलदीप, सह मंत्री श्रवण, संयोजक प्रशांत जाट, सह संयोजक ऋतिक कुशवाह ने कार्यक्रम का संचालन किया। नटेरन प्रखंड मंत्री अंकेश और संयोजक विशाल भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रखंड, खंड और ग्राम समितियों के अनेक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## कबड्डी प्रतियोगिता खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दम

**विदिशा।** सांसद खेल महोत्सव 2025 में आयोजित खेल गतिविधियों के अंतर्गत बुधवार को जिला खेल परिसर स्टेडियम विदिशा में विदिशा विधानसभा के 5 ग्रामीण मंडलों की कबड्डी की टीमों की प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने एवं जीवन में खेलों का महत्व बताते हुए हमेशा खेल भावना के साथ हर कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, जपं अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी, प्रशांत खत्री, दिनेश कुशवाहा, सुरेंद्र चैहान, अंकित दुबे उपस्थित रहे। जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव 2025 अंतर्गत आज जिला खेल परिसर में आयोजित मंडल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में बेसनगर मंडल एवं दुर्गा नगर मंडल की बालक एवं बालिका वर्ग में 10 टीमों ने भाग लिया।कबड्डी प्रशिक्षक ज्योति ठाकुर, अरविंद सिंह राजपूत, बीएस बुंदेला, रविकांत नामदेव, सपना शर्मा, मयूर भार्गव, अर्चना किरार, अजय चौहान, योगेश धुर्वे, धीरेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत का प्रचार रथ रवाना

**विदिशा।** अदालतों में लंबे समय से चल रहे न्यायालीन प्रकरणों को निराकृत करने के लिए 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए बुधवार को प्रचार रथ रवाना किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम द्वारा हरी झण्डी दिखाकर प्रचार वाहनों को रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में संपत्ति कर, जल कर, बैंक संबंधी मामलों सहित अन्य कई प्रकरणों में ब्याज एवं अधिभार की राशि में विशेष छूट प्रदान की जाएगी। लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का त्वरित, सौहार्दपूर्ण एवं कम खर्च में निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा।

## माता वैष्णोंदेवी के लिए तीर्थयात्री 31 जनवरी को होंगे रवाना

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रियों के लिए माता वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा करने हेतु आवेदन 17 जनवरी 2026 तक प्राप्त किये जावेगें। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रा हेतु किए जा रहे आवेदन में आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रहेगा तथा आवेदन साफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी के द्वारा इस कार्यालय में 17 जनवरी सायं 05:30 बजे तक भेजना सुनिश्चत करें। तीर्थ यात्रियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सीय प्रमाण पत्र सहित सभी कालमों एवं सहपत्रों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र व्यक्तियों के ही आवेदन इस कार्यालय में भेजे जावें। पूर्व में तीर्थ यात्रियों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### सांदीपनि विद्यालय में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक करण विश्वकर्मा से हरिभूमि की विशेष चर्चा

# सपने कभी एक दिन में पूरे नहीं होते उनके लिए निरंतर प्रयास करना पड़ता है: शिक्षक करण

### छात्र और छात्राओं के भविष्य को पूजा-पाठ मानकर निस्वार्थ भाव से कराते हैं अध्ययन







**सिरोंज।** ऐसे बहुत कम ही शासकीय शिक्षक होते है जो देश व समाज और छात्रों के भविष्य को ही अपनी पूजा अर्चना मान लेते है। वह छात्रों को निस्वार्थ भाव से अपने परिवार के सदस्य की तरह बच्चों को भविष्य में आगें बढने में मदद करते है। जिससे भविष्य में बच्चें को अपने कैरियर बनाने में भी काफी मदद मिलती है और वह अपने सपनों को भी सकार कर पाते है।

### एक शासकीय शिक्षक इस तरह से मदद कर छात्रों का बनाता है भविष्य

वर्तमान समय में शिक्षा विभाग जैसे विभाग में ऐसे बहुत कम ही शिक्षक देखने को मिलते है। जिनका छात्रों के प्रति समर्पण भाव देखकर ऐसे लगता है जैसे की यह कोई एक सपना हो। ऐसे ही शासकीय सीएम राईज विद्यालय सिरोंज में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक किरण विश्वकर्मा जो निस्वार्थ भाव से छात्रों को अपनी सेवाएं दे रहें है। यदि स्कूल में कोई छात्र शिक्षक से छुट्टी मांगता है तो शिक्षक उसने पूछते है कि आप को छुट्टी क्यो जाइए। जिस पर छात्र का जवाब होता है कि सर में बीमार हूं इसलिए मुझे छुट्टी चाहिए। वही छात्र की बात सुनते ही शिक्षक करण विश्वकर्मा उक्त छात्र को स्वंय डॉक्टर के पास लेकर जाते है और अपने स्वंय के खर्च पर उक्त छात्र का उपचार कराते है। इतना ही नही यदि कोई गरीब परिवार का छात्र जिसके पास पढाई करने के लिए कॉपी व पेंन पेंसिल आदि नही होते तो वह स्वंय उक्त छात्र के लिए पेंन,पेंसिल कॉपी आदि लेकर आते है। जिससे की उनकी कक्षा का कोई भी छात्र पढाई से वंचित न हो। इन सब के बीचे शिक्षक का एक ही मकसद होता है कि उनकी कक्षा का हर छात्र अच्छे से महनत करें और वह अपनी परीक्षा में सफल हों। साथ ही अपनी कक्षा व विघालय का अच्छा परिणाम वार्षिक परीक्षा में देखने को मिलें। शिक्षक की महनत व छात्रों को दी जाने वाली सेवाओं का परिणाम यह होता है कि संदीपनि विघालय का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत प्राप्त होता है। जिस पर स्कूल प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार व समस्त स्टॉफ को भी शिक्षक करण विश्वकर्मा पर काफी गर्व महशूस होता है।

### नागरिक व पालकों ने की शिक्षक को पुरस्कार की मांग

सांदीपनि विघालय में अध्ययनरत छात्रों के पालकों व शहर के आम नागरिको ने भी शिक्षक करण विश्वकर्मा की महनत व बच्चों को मिलने वाली शिक्षा को देखते है। अब पालकों का भी कहना है कि शिक्षक करण विश्वकर्मा को शिक्षा विभाग द्वारा पुरूस्कार व उनका सम्मान किया जाना चाहिए। साथ ही उक्त सम्मान में पालको को भी शिक्षक का सम्मान करने का मौके मिलें। जिससे कि पालक भी अपने बच्चें के गुरू का सम्मान कर पाए।

### हर बच्चे को शिक्षा और संस्कार

नगर के शासकीय सीएम राइज विघालय में हर बच्चे को शिक्षा के साथ सारी सुविधाएं मिल रही है। अभिभावकों की चाहत होती है कि उनके बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले। उनके इसी सपने को साकार करने में विघालय के माध्यमिक शिक्षक करण विश्वकर्मा पूरे जतन के साथ लगे हुए हैं। बोलचाल की भाषाशैली हो या फिर संस्कार अथवा अनुशासन। अपनी कक्षा में आने वाले हर बच्चे को वह सबकुछ देने की कोशिश करते हैं, जिससे उनका भविष्य संवर सके। साथ ही स्कूल संवारने के लिए वह प्राचार्य महेश कुमार तामकार के साथ हर वह कोशिश करते है जिससे मदद मिल सके। वही वह अपने साथी शिक्षकों से मिलकर बच्चों को पढ़ाई में प्रोत्साहन करने से लेकर परिसर को सजाने संवारने में कोई कसर नहीं छोड़ते। उनके प्रयास और लगन से आसपास के अभिभावक यहां पर नामांकन कराने में दिलचस्पी दिखाने लगे हैं। हर साल बच्चों के नामांकन भी बढ़ने लगे हैं।

### सपने एक दिन में पूरे नहीं होते

जब हरिभूमि ने शिक्षक करण विश्वकर्मा से सम्पर्क कर उनसे चर्चा और बच्चों के लिए एक मार्गदर्शन देने की बात कही तो उन्होने कहा कि सपने एक दिन में पूरे नहीं होते उनके लिए निरंतर प्रयास करने पड़ते हैं। हमें यह तो पता है कि हमें क्या बनना है, लेकिन कैसे बनना यह मालूम नहीं है। उन्होंने छात्रों को बताया कि आपकी लाइफ में महत्वपूर्ण क्या है, यह जानना बहुत जरूरी है। उन्होंने बच्चों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि हम जब किसी शादी विवाह, समारोह में जाते हैं तो अपने आप को सजा-संवारकर जाते हैं। इसी प्रकार जब हम बोर्ड परीक्षा देते हैं तो हमारी कापी भी इसी प्रकार विशेष प्रकार से सुसज्जित होनी चाहिए। हमें अपने विषयों को तीन भागों में विभाजित करना चाहिए। वही उन्होने बच्चों को बताया कि आप सौभाग्यशाली हैं कि आपकी काउंसलिग होती है और आप उसकी सहायता से अपना सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र चुनाव कर सकते हैं, हमारे समय में ऐसा नहीं था। उन्होंने बताया कि करियर चुनाव से पहले कुछ फैक्टर का जानना अति आवश्यक है।

### हरिभूमि की शिक्षक करण विश्वकर्मा से विशेष चर्चा

**सवाल** - 1 आप विज्ञान विषय रूचिकर कैसे बनाते हैं।
**जबाव** - में जब भी विज्ञान विषय का छात्रों को अध्ययन कराता हूं। तो में अपने आसपास के वातावरण से विज्ञान को जोडकर उदाहरण देता हूं। जिससे बच्चों को पढना आसान और रूचिकर लगने लगता है और हर प्रश्न का उत्तर बडी आसानी से समझ जाते है और उन्हें अध्ययन करने में भी किसी प्रकार की कोई समस्या नही होती।

**सवाल** - 2 आप अपने विषय के परीक्षा परिणाम कैसे बहतर दे पाते है।
**जबाव** - में सर्वप्रथम प्रयास करता हूं कि शैक्षणिक कैलेण्डर में दिए दिन अनुसार समय पर कोर्स पूरा करू उसके बाद में बच्चों की स्टडी करता हूं कि किस बच्चे को कैसे अध्ययन कराया जाए ताकि बोर्ड परीक्षा परिणाम बहतर बन सकें और सभी छात्र अच्छे अंको के साथ उत्तीर्ण हो सकें।

**सवाल** - 3 आप कमजोर छात्रों का अध्यापन कार्य कैसे कराते है ताकि परिणाम अच्छा आ सकें।
**जबाव** - में बच्चों को तिमाही परीक्षा परिणाम के आधार ग्रेडवार अलग अलग कर देता हूं और जो छात्र डी व ई ग्रेड में आते है। उन छात्रों को प्रतिदिन 10 प्रश्न किसी भी पाठ से कोई भी प्रश्न लिखकर यदि करने के लिए कहता हू जब बच्चे प्रतिदिन 10 प्रश्नों के उत्तर लिखकर व याद करते हैं तो स्वतः ही परिणाम भी सुधरता है।

**सवाल** - 4 सुना है आपने अपनी कक्षा को बोस और बिगबोस की योजना बनाई है।
**जबाव** - मैने अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के आधार पर कक्षा को पांच समूह में बांटा है। जिससे प्रत्येक समूह का एक प्रभारी बनाया गया है। जो बॉस कहलाता है एंव सभी समूह को बॉस का एक मुखिया होता है। जो बिगबोस कहलाता है। एक समूह में 8 से 10 छात्र होते है जो प्रश्नो के उत्तर याद करके अपने बोस को सुनाते है। इससे प्रत्येक समूह में एक प्रतिस्पर्धा होती है और परिणाम को बढाने में मदद मिलती है।

**सवाल** - 5 आपको बच्चे काफी पसंद करते है।
**जबाव** - में बच्चो को सिर्फ अध्यापन कार्य अकेला ही नही करवाता बल्कि उनके कैरियर, मार्गदर्शन परिवारिक परिवेश एंव और कोई अध्यापन से संबंधित समस्या होती है तो उनमें बच्चों की मदद करने का प्रयास करता हूं। साथ ही बच्चो के पालको से भी सतत सम्पर्क बनाए रखता हूं ताकि कोई परेशानी हो तो उसे में भी दूर कर सकूं।

### केवटों की डूब में गई जमीन, न मुआवजा मिला न रोजगार

## मत्स्य विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**विदिशा।** कुरवाई क्षेत्र के केवट समाज के बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। कुरवाई के कांग्रेस नेता सुभाष बोहत और कांग्रेस के प्रवक्ता अरुण अवस्थी के नेतृत्व में जोरदार धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई। कलेक्टर तथा मत्स्य विभाग अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं के निराकरण की मांग की। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि केवट समाज जल आधारित आजीविका पर निर्भर है। लेकिन डूब क्षेत्र के कारण उनकी जमीनें समाप्त हो चुकी हैं। जबकि शासन द्वारा न तो मुआवजा दिया जा रहा है और न ही मत्स्य पालन के लिए कोई साधन उपलब्ध कराए गए हैं। सुभाष बोहत एडवोकेट ने बताया कि ह्लकेवट समाज के लोग अत्यंत दयनीय स्थिति में हैं। लगभग 24 बीघा भूमि डूब में चली गई, परंतु आज तक न किसी प्रकार का मुआवजा मिला, न ही जमीन के बदले जमीन दी गई। हालात इतने खराब हैं कि लोग जाल खरीदने तक में सक्षम नहीं हैं। छोटी सी लकड़ी की नाव तक नहीं है, जिससे वे मछली पकड़कर अपने परिवार का पालन कर सकें। इसमें खुमान सिंह केवट, समत सिंह केवट, भुजबल केवट, बल्लू केवट, महेंद्र सिंह केवट, मूलचंद केवट, शिवेंद्र केवट, राजकुमार केवट, कांडी केवट, श्रीराम केवट, देवी सिंह केवट, राम सिंह केवट, हजरत सिंह केवट, संजय केवट, शंकर केवट, मुन्नालाल केवट आदि में समाजजन उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस एवं लोक अदालत के परिप्रेक्ष्य में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस तथा आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले में किया जा रहा है। जिला अभिभाषक संघ कार्यालय में बुधवार को विधिक जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ विशेष न्यायाधीश जीसी शर्मा सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष, सचिव एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए।

### अधिकार हमको देते हैं सम्मान और गरिमा

कार्यक्रम की शुरुआत मानवाधिकार दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए हुई। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव अधिकार प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की गरिमा, स्वतंत्रता एवं समानता की रक्षा करने वाले मूल अधिकार हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से इन अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

न्यायाधीश ने उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में सक्रिय भागीदारी का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत न्याय तक सरल पहुंच का प्रभावी माध्यम है, जिससे आमजन के लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान होता है। इस अवसर जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष संतोष शर्मा, सचिव राजेन्द्र सिंह दांगी समेत अन्य पदाधिकारी व अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### बुधवार को रामलीला का प्रारंभ करने वाले प्रथम धर्म अधिकारी पं विश्वनाथ शास्त्री की जयंती पर श्रीराम कथा हुई शुरू

## श्रीराम कथा के लिए निकाली कलशयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा की ऐतिहासिक रामलीला अपने 125 वर्ष में प्रवेश कर रही है मकर संक्रांति 14 जनवरी से इसका विधिवत प्रारंभ होगा। उसके पूर्व बुधवार रामलीला का प्रारंभ करने वाले प्रथम धर्माधिकारी पंडित विश्वनाथ शास्त्री की जयंती है। उनकी जयंती को स्थाई और अवस्मरणीय बनाने के लिए रामलीला मेला समिति के माध्यम से श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका वाचन भिंड के कथावाचक पंडित बजरंग शरण महाराज द्वारा किया जा रहा है। दोपहर में चिंतामणि गणेश मंदिर से वहां पर कलश यात्रा निकाली गई, जो कथा स्थल चौपड़ा व्यायाम शाला पहुंची। दोपहर के बाद श्रीराम कथा प्रारंभ हुई श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है।

### अपनी मांगों को लेकर उचित मूल्य की दुकान चलाने वाले समूहों ने सौंपा ज्ञापन

## तीन लाख वार्षिक अनुदान नहीं तो जनवरी से दुकानें बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



उचित मूल्य की दुकानों का संचालन करने वाले समूह के सदस्यों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर तीन लाख रुपये वार्षिक अनुदान की मांग रखी। मांग पूरी नहीं होने पर 1 जनवरी से दुकानों का संचालन करने की चेतावनी दी है।

विदिशा जिले में स्व सहायता समूह, महिला भंडार, मार्केटिंग सोसाइटी एवम वनोपज संघ की समितियां राशन वितरण का कार्य करती है। आरोप लगाया कि पैक्स समितियों को 3 लाख रुपये वार्षिक अनुदान मिलता है। समूहों को भी यह अनुदान चाहिए। दुकान संचालन के लिए 3 हजार रुपये प्रतिमाह खर्च मिलना चाहिए क्योंकि 1 अक्टूबर 2023 से देने के निर्देश दिए गए हैं। संघ का कहना है की जिले और प्रदेश भर में 50 प्रतिशत से अधिक उचित मूल्य की दुकानों का संचालन स्व सहायता समूह,विपणन सहकारी संस्थाएं, वनोपज समिति एवम महिला भंडार चला रहे हैं। इसके बावजूद इन्हे योजना से बाहर रखा गया है जो की स्पष्ट भेदभाव है। संघ ने कहा कि जैसे पैक्स और लेंपस समितियां दुकान चला रही है वैसे ही हम चला रहे हैं। महिला स सहायता समूह की अध्यक्ष मोना शर्मा ने बताया कि पिछले दो-तीन माह से जो कमीशन हर महीने 10 हजार 500 रुपये मिलते थे लेकिन इसे कम करते हुए मात्र 8 हजार 500 रुपये दे रहे हैं। समूह चलानों वालों ने बताया कि दुकानों का किराया भी देना पड़ता है और जो राशन तौलने वाले को भी वेतन देना पड़ता है।

अभी जो कमीशन प्राप्त हो रहा है उससे उचित मूल्य की दुकान का संचालन करना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा अनाज तौलने में हर माह 50 से 60 किलो घटती हो जाती है, इसे मान्य किया जाए। अभी सितंबर माह से रोका गया कमीशन शीघ्र जारी किया जाए। दुकानों का संचालन किराये की जगह में किया जा रहा है। इसके लिए शासकीय जगह उपलब्ध कराई जाए। समूह संचालकों ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों से परेशान होने की बात भी रखी। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को बंद कराने का दबाव न बनाए जाए।

## नेशनल लोक अदालत प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गढ़ाकोटा

सागर जिले के गढ़ाकोटा व्योहार न्यायालय के मजिस्ट्रेट एवं (विधिक सेवा समिति के तहसील अध्यक्ष) अम्बर श्रीवास्तव द्वारा आगामी 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन रखा गया है जिस संबंध में प्रचार प्रसार रथ के लिए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जमील कुरैशी एवं समस्त स्टाफ के साथ रावना किया गया। जिसमें सभी अधिवक्ता का शामिल रहे। मजिस्ट्रेट अम्बर श्रीवास्तव ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में सभी प्रकार के प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जाता है जैसा की नगर पालिका संबंधित, बैंक एवं न्यायालय से संबंधित सभी प्रकरणों का निःशुल्क आपसी समझौता के माध्यम से निपटारा किया जाता है एवं सभी से अपील की है कि नेशनल लोक अदालत में आकर अपना आपसी समझौता कर इस अवसर का लाभ उठावे।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र पार्थ हरिणखेडे की कक्षा 7 वीं की अंकसूची में पार्थ ठाकरे पुष्पा कारू अंकित है। जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में पुष्पा हरिणखेडे अंकित है। मैं मेरे पुत्र की कक्षा 7 वीं की अंकसूची में पार्थ ठाकरे पुष्पा कारू के स्थान पर पार्थ पुष्पा हरिणखेडे अंकित कराना चाहती हूँ। इसी नाम से मेरे पुत्र को जाना व पहचाना जाता है। तथा भविष्य में मेरे पुत्र को पार्थ पुष्पा हरिणखेडे के नाम से जाना पहचाना जावे।

भवदीय पुष्पा हरिणखेडे पत्नी श्री योगेश कुमार
पता- म.न. 53 बोरिकलॉ पोस्ट मोहझरी तहसील मोहझरी जिला बालाघाट म.प्र.
मोबाइल नम्बर 9893589762

## खबर संक्षेप

### रातापानी टाइगर रिजर्व में एक और बाघ की मौत

**रायसेन।** जिले के रातापानी टाइगर रिजर्व में बीते 4 दिनों मे ही एक और बाघ की मौत हो गई। मंगलवार-बुधवार की रात औबेदुल्लागंज क्षेत्र में एक बाघ ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना बरखेड़ा रेंज के बरखेड़ा-मिसघाट रेलवे लाइन के बीच हुई। इससे पहले रविवार को रातापानी टाइगर रिजर्व के बिनेका घोड़ा पछाड़ क्षेत्र में एक अन्य बाघ को वन विहार की टीम ने रेस्क्यू किया था। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि बाघ एक घंटे से एक ही स्थान पर बैठा था और उठ नहीं पा रहा था। उपचार के लिए भोपाल ले जाते समय रास्ते में ही अत्यधिक कमजोरी के कारण उसकी मौत हो गई। बाघ की मौत की जानकारी मिलते ही सीसीएफ अशोक कुमार और डीएफओ हेमंत रैकवार ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। रेलवे कंपार्टमेंट नंबर 78027/29 से टकराकर बाघ की मौत हुई थी।

### धान के बोरों से भरा ट्रक पलटा, एक की मौत

**रायसेन।** बुधवार की सुबह करीब 11 बजे जिले की सुल्तानपुर तहसील के अंतर्गत ईंटखेड़ी जोड़ पर धान की बोरों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति 51 वर्षीय सगीर पिता नवाब की मौत हो गई। वहीं यात्री प्रतीक्षालय भी क्षतिग्रस्त हो गया। मौके से ट्रक चालक और क्लीनर फरार हो गए। बताया जाता है कि ट्रक में ओवर लोड माल भरा हुआ था, जिसके चलते यह हादसा हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक का सीधा करवाया कार्रवाई की गई।

### जिले को कुपोषण मुक्त बनाने किया जा रहा कार्य

**रायसेन।** जिले को कुपोषण मुक्त बनाने कलेक्टर के निर्देशन में अभियान के रूप में कार्य किया जा रहा है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषित बच्चों के घर-घर जाकर माता-पिता को पोषण आहार की जानकारी दे रहे है। साथ ही बच्चों को पोषण आहार किट भी वितरित की जा रही है।

## झूले और मौत का कुंआ के साथ जय महावीर का मुखौटा रहेगा विशेष आकर्षण का केंद्र

# 1908 में रखी श्रीरामलीला मेले की नींव ने लिया भव्यतम रूप, 117वें वर्ष में 15 से मेले का आगाज

शिवलाल यादव ▶▶ रायसेन

हरिभूमि विशेष

नगर का ऐतिहासिक श्रीरामलीला मेला 14 दिसंबर से प्रारंभ होने जा रहा है, मेले को लेकर तैयारियां लगभग पूर्णतः की ओर है। नवाबी दौर से प्रारंभ हुए इस वार्षिक श्रीरामलीला मेले का लगातार यह 117वां वर्ष है। मेले की ख्याति जिले सहित दूर दराज के इलाकों में फैली हुई है। लोग यह श्रीरामलीला देखने और मेले का लुफ्त उठाने आते है। वहीं प्रदेश से बाहर के आए दुकानदार मेले को और भी भव्य बना देते है।

श्रीरामलीला मेला हर साल की अपेक्षा इस बार और भी भव्य रूप लेने जा रहा है, जिसको लेकर व्यापक तैयारियों पूर्ण कर ली गई है। खास बात यह है कि यहां पर जमीनी श्रीरामलीला का मंचन किया जाता है, जो प्रदेश में एक अनोखा आयोजन है। लीला को लेकर पात्रों का चयन पूर्ण हो चुका है। वहीं ग्राउंड से लेकर दुकानें एवं झूले सजने लगे है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष दिसंबर माह से जनवरी लगभग 25 दिनों तक मेले का आयोजन होता है, जो कि एक भव्यता की मिशाल है।

मेला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश चतुर्वेदी ने बताया कि इस वर्ष बड़े झूलों की संख्या में बढ़ोत्तरी की गई है, वहीं बम्बई का मीना बाजार, कानपुर की मनिहारी एवं महाराष्ट्र की आइसक्रीम, तो वहीं टू-टॉवर झूला, ब्रेक डांस झूला, मगर झूला, मौत का कुंआ आकर्षण का केंद्र होंगे। वहीं मिक्की माउस एवं रेल गाड़ी बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष रहेंगे।

- सन 1908 में पं. कुंजीलाल चौबे की बाखर से पं शंकर लाल चतुर्वेदी ने किया था श्रीरामलीला का शुभारंभ
- भोपाल के नवाब हमीदुल्ला खान ने श्रीराम लीला मेले के लिए समिति को दी थी जमीन, जहां लगता है मेला
- नवाब हमीदुल्ला खान और उनकी बेगम भोपाल से बग्गी द्वारा देखने आते थे श्रीराम लीला का मंचन
- प्रदेश में सिर्फ विदिशा एवं रायसेन में किया जाता है स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला का मैदानी मंचन

### मेला कार्यक्रम

- **15** दिसंबर को भगवान श्री गणेश जी की स्थापना।
- **17** दिसंबर को श्री शिव बरात।
- **21** दिसंबर को श्रीराम बरात।
- **22** दिसंबर को श्रीराम विवाह।
- **24** दिसंबर को गंगा तरण।
- **27** दिसंबर को सीता हरण।
- **29** दिसंबर को लंका दहन।
- **01** जनवरी को लक्ष्मण शक्ति।
- **02** जनवरी को कुम्भकरण वध
- **04** जनवरी को मेघनाद वध।
- **07** जनवरी को रावण दहन।
- **08** जनवरी को राजतिलक।


फाइल फोटो


फाइल फोटो

### सन 1908 में रखी थी श्रीरामलीला मेले की नींव

*सन 1908 में पं श्री शंकरलाल चतुर्वेदी एवं कृपाशंकर शुक्ला, मदनलाल चतुर्वेदी, गंगाप्रसाद चतुर्वेदी, सीताराम चतुर्वेदी, कुंजीलाल चौबे, मिश्रीलाल शर्मा, वृंदावन दुबे, पूरन भगत, पूरन लाल शर्मा सहित अन्य सहयोगियों द्वारा छोटे से घर के आंगन में प्रारंभ हुई श्रीरामलीला ने धीरे-धीरे भव्य रूप ले लिया है। धीरे-धीरे लोग जुड़ते गए और पंडित कुंजीलाल चौबे की बाखर में श्रीरामलीला पहुंच गई। इसके बाद गंजबाजार सब्जी मंडी में श्रीरामलीला का कई वर्षों तक मंचन हुआ। फिर भोपाल नबाव नवाब हमीदुल्लाह खान ने श्रीराम लीला ग्राउंड में श्रीराम लीला मेले के लिए स्थान दिया। तब से लेकर आज तक उसी जगह पर परंपरागत मेला लगाया जा रहा है।*

### मेले के मुख्य आकर्षण

इस वर्ष श्रीरामलीला मेला 14 दिसंबर को श्री गणेश वंदना के साथ शुरू होकर, श्रीराम जन्म, शिव बारात (17 दिसंबर), राम बारात (21 दिसंबर), गंगा तरण (24 दिसंबर), लंका दहन (29 दिसंबर) और रावण दहन (7 जनवरी) जैसे प्रसंगों का भव्य मंचन किया जाएगा। वहीं शिव बारात और भव्य भगवान श्रीराम की बारात शहर की सड़कों पर निकाली जाएंगी, जिसमें हाथी, घोड़े, डीजे, बैंड-बाजे आकर्षण का केंद्र होंगे। वहीं दूरदराजों एवं अन्य प्रदेशों से आए दुकानदार अपनी दुकानें लगाने में जुट गए है। साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले व अन्य आइटम होंगे, साथ ही खाने-पीने के स्टॉल भी सजने लगे हैं।

### यह होंगे पात्र

श्रीरामलीला मेले में इस वर्ष भगवान श्रीराम का अभिनय रुद्रांश शर्मा करेंगे। वहीं लक्ष्मण कृष्णा शुक्ला, भरत ध्रुव चतुर्वेदी, शत्रुघ्न का अभिनय शुभ दुबे निभाएंगे। माता सीता का रोल अंकित शर्मा, रावण का अभिनय धर्मेंद शर्मा एवं वीर हनुमान का अभिनय के लिए अनिल पराशर को चयनित किया गया है। ज्ञातव्य हो कि श्रीरामलीला के जो पात्र होते है उनका चयन दशहरे के बाद ही कर लिया जाता है। मेले के एक महीना पूर्व उन्हें प्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। वहीं उन्हें मेले के समय निर्धारित मर्यादा का पूर्ण पालन करना होता है।

### *जय महावीर की शोभायात्रा रहेगी मुख्य आकर्षण का केंद्र*

श्रीरामलीला में जय रघुवीर का मुखौटा प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस बार रावण वध के दिन 7 जनवरी को जय रघुवीर जय महावीर की शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई रामलीला मैदान में पहुंचेगी, जहां भगवान श्रीराम एवं रावण के युद्ध में जय रघुवीर भी सम्मिलित होंगे। इस वर्ष मुखौटा नगर के मिथलेश यादव द्वारा धारण किया जाएगा, यह परंपरा लगभग 85 वर्ष पुरानी है। सर्वप्रथम महावीर के 56 किलो वजनी मुखौटे को हरियाणा के पानीपत से नगर सेठ स्व. बोधराज खन्ना एवं निरंजन दास बाबा द्वारा लाया गया था, जिसे स्व. सेठ बोधराज खन्ना ने धारण किया था। समिति के सदस्य कल्याण कुशवाह ने बताया कि इस मुखौटे को धारण करने के लिए 45 दिन की कठोर साधना एवं ब्रम्हचर्य व्रत का पालन करना होता है, तभी इस मुखौटे को धारण किया जाता है।



### संबल कार्ड पुनर्जीवित कराने दिया आवेदन

**रायसेन।** दिवंगत पिता के निधन के संबल कार्ड मुख्यमंत्री जनकल्याण कर्मकार मंडल को पुनर्जीवित कराने के लिए मंडीदीप निवासी बेटी पूर्णिमा डिगरसे ने कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा को दिया आवेदन। बीते 21 अगस्त में उसके पिता राजेंद्र डिगरसे की अचानक मौत हो गई थी। उसके स्वर्गवासी पिता मंडीदीप की एक फैक्ट्री में कार्य करते थे। आर्थिक सहायता राशि लेने बेटी पूर्णिमा ने नपा परिषद मंडीदीप में आवेदन दिया था, लेकिन संबल कार्ड रिजेक्ट कर दिया है, जिससे उन्हें सहायता राशि नहीं मिल पा रही है।

## सरकारी दफ्तरों को आईएसओ 9001 सर्टिफाइड कराने दी ट्रेनिंग



**रायसेन।** कलेक्ट्रेट कार्यालय कम्पोजिट भवन में स्थित शासकीय कार्यालयों को अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) 9001 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के अनुसार प्रमाणित करने कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार बुधवार को प्रशिक्षण आयोजित किया। जिसमें क्वालिटी रिसर्च फाउंडेशन के लीड ऑफिसर अजय त्रिपाठी द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों को आईएसओ 9001 के मानकों के अनुरूप कार्यालयों में कार्य कुशलता, पारदर्शिता, फाइल संधारण और सेवा वितरण की गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखने प्रशिक्षण दिया। उल्लेखनीय है कि आईएसओ 9001 एक अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन का एक प्रमाणपत्र है जो दर्शाता है कि किसी संस्था, संगठन या शासकीय कार्यालय द्वारा सेवा या प्रबंधन प्रणाली को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार विकसित और लागू किया है। प्रशिक्षण में एसडीएम मनीष शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# गुरु आगमन से गुंजायमान हुई सिलवानी, एक किमी की निकाली अनूठी आध्यात्मिक यात्रा, पुष्पवर्षा से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

बुधवार का दिन सिलवानी के इतिहास में स्वर्णाक्षरों से लिखा जाएगा। आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य, शंका समाधान के सूत्रधार और राष्ट्र संत मुनि प्रमाण सागर महाराज के नगर आगमन ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। नगरवासियों ने श्रद्धा और उत्साह से मुनिसंघ की अगवानी की। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह भी शामिल हुए।

मुनिसंघ के नगर प्रवेश पर हजारों श्रद्धालुओं ने गगनभेदी जयकारों से उनका स्वागत किया। शहनाई, ढोल-नगाड़े, बैंड, डीजे और वाद्य यंत्रों की ध्वनियों ने वातावरण को मंगलमय बना दिया। इसके बाद भव्य शोभायात्रा के रूप में मुनिसंघ को पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर की ओर ले जाया गया।

युवा वर्ग ने अगवानी को ऐतिहासिक स्तर का बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बजरंग चौराहा और गांधी चौक पर 4 जेसीबी मशीनों से लगातार कृत्रिम पुष्पवर्षा की गई, जिससे पूरा मार्ग रंग-बिरंगे पुष्पों से महक उठा। सैकड़ों रंगीन गुब्बारे आकाश में उड़ाए गए, जिससे पूरा इलाका उत्सवधर्मी दिखाई दिया।



### पावन पाद प्रक्षालन की 151 व्यवस्था

टोल प्लाजा से पारसनाथ जिनालय तक मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालु हाथों में पंचरंगी ध्वजा लहराते हुए खड़े थे, मानो पूरा नगर एक विशाल स्वागत-द्वार में बदल गया हो। मार्ग में करीब 151 स्थानों पर पाद-प्रक्षालन के थाल सजाए गए, जहां श्रद्धालुओं ने विनम्रता से मुनिसंघ का पाद-प्रक्षालन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस जुलूस में 4 अश्वों पर सवार युवक धर्मध्वजा लहरा रहे थे, जबकि 2 नृत्यरत ऊँट सबसे बड़े आकर्षण बने। रंगोलियों से सजे मार्ग, भव्य तोरणद्वार और पुष्पों की वर्षा ने पूरे स्वागत को अद्वितीय सौंदर्य प्रदान किया। अगवानी हो या धर्मसभा, दोनों ही अवसरों पर हजारों की संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### धर्मसभा में मुनि प्रमाण सागर का संदेश

जिनालय पहुंचने पर विशाल धर्मसभा आयोजित की गई। यहां पर मुनि प्रमाण सागर महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचन में कहा जीवन का कल्याण तभी संभव है, जब मन में गुरु को और जीवन में प्रभु को आदर्श रूप में स्थापित किया जाए। मन की दृढ़ श्रद्धा ही जीवन को दिशा देती है। मुनिश्री ने आचार्य विद्यासागर महाराज के सिलवानी से जुड़े अध्यात्मिक प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि यह खड़े बाबा का ही चमत्कार है कि यहां साधु-संतों का आगमन निरंतर होता रहा है। धर्म सभा से पूर्व मुनिश्री का पाद प्रक्षालन किया तथा शास्त्र भेंट किए गए।

# ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख मार्गों की हालत बेहद जर्जर व क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

इस वर्ष क्षेत्र में रिकॉर्ड बारिश के असर से ग्रामीण मार्गों की हालत जर्जर और क्षतिग्रस्त हो गई है। गड्ढों के कारण मार्ग छलनी हो गए हैं। इन मार्गों पर चार पहिया, दो पहिया वाहनों से सफर करना जोखिम भरा बना हुआ है। वाहनों का संतुलन बिगड़ने टूट-फूट का आर्थिक नुकसान उठाना मजबूरी बन रहा है।

बरेली से गुरारिया, मगरदा मार्ग बरेली से बगलवाड़ मार्ग समनापुर से लांझी अकोला मार्ग चारगांव से उटियां, पीथनपुर, मोकलवाड़ा, समनापुर काछी मार्ग बरेली से गगनवाड़ा, करमवाडा, चैनपुर मार्ग खरगोन से जामगढ़, भगदेई मार्ग मेहरागांव कलां से पांजरा उदयगिरि मार्ग बापौली धाम मार्ग, बरेली से छींदधाम मार्ग, बाग पिपरिया से उटिया छवारा मार्ग, पुल घाट से मांगरोल, सतरावन, डूमर मार्ग की हालत अत्यधिक खराब बनी हुई है।

### गड्ढों से छलनी मार्गों पर जोखिम भरा सफर



### मार्ग की हो मरम्मत

क्षेत्र में प्रधानमंत्री सडक़ ग्राम सडक़ योजना एवं पीडब्लूडी के अंतर्गत आने वाली सडक़ों की मरम्मत सुधार के प्रति जिम्मेदारों की उदासीनता बनी हुई है। अगले महीना 14 जनवरी को नर्मदा तट बगलवाड़ में मेला भरता है। जहां हजारों धार्मिक श्रद्धालुओं का अनेक दिनों तक आना-जाना लगा रहता है। छींद धाम हनुमान मंदिर में हजारों श्रद्धालु और सैकड़ो वाहनों से जोखिम भरा सफर करते हैं शिव भक्तों का बापौली धाम भारी संख्या में जाना आना लगा रहता है।

# सकल हिंदू समरसता सम्मेलन यात्रा का रथ पहुंचा दीवानगंज उपखंड

## सभी भक्तगण और ग्रामीणों ने भारत माता की आरती उतारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सकल हिंदू समरसता सम्मेलन यात्रा का रथ बुधवार को रतनपुर, तिजालपुर, मेंढकी, बेरखेड़ी चोराह से प्रवेश करते हुए दीवानगंज उपखंड पहुंचा। मुख्य मार्ग से होते फेक्ट्री चौराहा से होते हुए अंबाडी, सेमरा से वापस दीवानगंज और बेरखेड़ी चौराहे पर पहुंचा।

सुबह से ही क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा दोनों का वातावरण देखने को मिला। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने स्वागत द्वार बनाकर शोभायात्रा का अभिनंदन किया और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों एवं प्रमुख चौराहों से गुजरती हुई आगे बढ़ी। ग्रामीणों ने भारत माता की आरती उतारी और भारत माता की जय के नारे लगाए।



सामाजिक समानता और भेदभाव मुक्त भारत के निर्माण के उद्देश्य से समरसता यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा समाज के सभी वर्गों के बीच समानता और सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करने समर्पित है। इस कार्यक्रम को समाज के सभी वर्गों को जोड़ने और उन्हें समान अधिकार और सम्मान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। संगठन का उद्देश्य सामाजिक भेदभाव को समाप्त कर एक निष्पक्ष और समरस भारत का निर्माण करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## मंडी में जाने आने एक ही गेट और रास्ता, बनती है जाम की स्थिति

# कृषि उपज मंडी में ए क्लास की हुई अपनी उपज प्रतिदिन हजारों क्विंटल ट्रालियां ला रहे किसान

प्रवेश मार्ग संकरा होने से वाहनों की क्रॉसिंग में जाम लगने से हरदम बनी रहती दुर्घटना होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

1980 के दशक में गुरारिया रोड से लगकर बरेली और धोखेड़ा ग्राम की सीमा पर मंडी गेट बनाकर कृषि उपज मंडी का भूमि पूजन और शुरुआत हुई थी। जब तक मंडी में सेट भवन इत्यादि का निर्माण हुआ मंडी कार्यालय किराए के भवन में संचालित होता रहा। दान में मिली भूमि का मंडी में आने-जाने और गेट प्रवेश के रूप में उपयोग हो रहा है। दशकों से मंडी में जाने और आने का एक ही मार्ग है इस मार्ग पर एक अंधा मोड़ भी है। मार्ग संकरा होने से वाहनों की क्रॉसिंग में जाम लगने कभी भी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

कृषि उपज मंडी में अनेक नीलामी सेटो का निर्माण हुआ है इसी के साथ पिछले अनेक वर्षों से थोक सब्जी मंडी भी एक बड़े सेट में लग रही है। विपणन संघ की दो खाद गोदाम भी मंडी प्रांगण में बनी हुई है। हमेशा बंद रहने वाला कृषक विश्रामगृह और मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला भी मंडी प्रांगण में बनी हुई है। प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर ट्रालियों में किसान अपनी उपज बेचने मंडी में आते हैं इसी के साथ सब्जी उत्पादक किसान भी भारी संख्या में अपनी सब्जी लेकर मंडी में आते हैं। खाद गोदाम पर भी किसानों की वाहनों के साथ भारी भीड़ लगी रहती है। व्यापारियों के ट्रैकों का भी भारी संख्या में मंडी में आना-जाना लगा रहता है एक ही मार्ग का उपयोग होने से मार्ग पर दिनभर भारी संख्या में वाहनों और किसानों का मंडी में जोखिम भरी स्थिति में प्रवेश और निकासी की स्थिति बनती है।



### दूसरे मार्ग की जरूरत

1980 में जहां मंडी का प्रवेश गेट बनाकर तत्कालीन सीएम अर्जुन सिंह ने भूमि पूजन किया था।मंडी प्रशासन उक्त मार्ग और गेट को भूल गया आज भी गेट बना और बंद है 2 ग्रामों की सीमा वाला लगभग 60 से 80 फीट चौड़ा मार्ग अतिक्रमण की चपेट में बना हुआ है सीमांकन से मार्ग की भूमि निकालकर मंडी को बिना कुछ खर्च किए मार्ग की भूमि मिल जाएगी।मंडी मार्ग का निर्माण कर मंडी में प्रवेश और वापसी के दो अलग-अलग मार्ग की सुविधा किसानों को मिल जाने से हो रही परेशानियों से छुटकारा मिल जाएगा।